विज्ञान की मूल अवधारणाओं पर आधारित वैज्ञानिक दृष्टिकोण और हस्तकौशल विकसित करने की अद्वितीय कार्य पुस्तिका

वैज्ञानिक मूलतत्वों की प्रतियोगितायें

भाग-2

बी.पी. मैथिल

प्रतियोगिक प्रतियोगितायें

- बच्चों के परिवेश से उपलब्ध जुगाड़ी सामग्री से ही प्रायोगिक प्रतियोगिता का आयोजन
- बाल वैज्ञानिक बनने के जरूरी मूलतत्वों पर आधारित प्रतियोगिताओं का आयोजन
- प्रत्येक प्रतियोगितायें सभी बच्चो की भागीदारी कराई गई
- अधिकांश प्रतियोगितायें जुगाड़ी सामग्री से सम्पन्न होती है।
- प्रश्नों के सामाधान की समझ पुस्तक में पीछे दिये है जिनसे बच्चे मिलान कर सकते है।

होशंगाबाद विज्ञान शिक्षण कार्यक्रम में सक्रीय भागीदारी होने के कारण उसकी पद्धति एवं मूल तत्वो सम्बन्धी साहित्य से कुछ आकड़े लेकर प्रतियोगिता का रूप दिया गया है।

रचयिता

बद्रीप्रसाद मैथिल

राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत शिक्षक

प्रो. रूचिराम साहनी पुस्कार - चण्ड़ीगढ़

वैज्ञानिक मूलतत्वों की प्रतियोगितायें

लेखक :-

बद्री प्रसाद मैथिल

सहयोगी :-

फूलबन्ती मैथिल

प्रबंधक :-

विवेक इन्दु मैथिल

© बद्री प्रसाद मैथिल

प्रथम संस्करण 2017/100 प्रतियां

सहयोग राशि - 100 रु. (सौ रुपये)

मुद्रक :-

तिरूपति मल्टी एड.

1 लाईन, जनता मार्केट, इटारसी (म.प्र.)

फो.नं. 07572 240021, मो. 9406525366

बड़े भईया का संदेश .....

यह कटु सत्य है कि बच्चों द्वारा प्रयोग और उनसे सम्बन्धित गतिविधि के बिना करवाये उनमें विज्ञान की ठोस समझ बनाने की सोचना हमारी अपनी एक विडम्बना मात्र ही है। कारण बतलाया जाता है कि प्रयोगो का सामान मँहगा है। वह भी सरलता से उपलब्ध नही हो पाता है। परन्तु वास्तविकता यह है कि हम किसी भी समस्या के रचनात्मक पहलू पर सोचना ही नही चाहते है। क्या हम अपने आसपास की चीजें और सुलभ सस्ती बाजारू वस्तुओं की सहायता से अधिकांश प्रयोग कर सकते है ? शायद हम इन कारणों का समाधान प्रस्तुत पुस्तक से खोज सकोगे।

इसमें कोई दो मत नहीं है कि बेकार फेंकी गई चीजों, आधुनिक कचरें, आसपास की वनस्पति और बाजारू सस्ती चीजों से अधिकांश प्रयोगो और गतिविधियों को शाला में कर सकते है। इन जानी पहचानी बेकार चीजों के उपयोग से बच्चों में आनंद की अनुभूति, पर्यावरण के प्रति लगाव और कुछ करने का उत्साह का प्रादुर्भाव होगा। बच्चे अपनी क्षमताओं का रोचक उपयोग कर सकेगें।

यह तो स्वयं सिद्ध है कि शिक्षा में हस्त कौशल परत क्रिया-कलापों द्वारा बच्चों में स्थायी समझ निश्चय ही विकसित होती है। साथ ही साथ उनमें आत्म विश्वास, एकाग्रचित चिन्तन खोजी प्रवृत्ति आदि महत्वपूर्ण क्षमताओं का प्रादुभवि होता है। ये क्षमतायें ही बालविज्ञानिक बनाने के अचूक स्तम्भ है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह पुस्तिका बच्चों में विज्ञान के प्रति रूझान उत्पन्न करने और बालविज्ञानिक बनाने में सहयोग प्रदान करेगी।

इस पुस्तिका में स्थानीय उपलब्धता को अपने प्रयोगों के अनुरूप ढ़ाला है। रोचक और सरल शैली में आनन्दमयी एवं आश्चर्यजनक रूप में प्रयोगों को प्रस्तुत किया है। जिससे बच्चें खेल खेल में अवधारणाओं की समझ बना सके। चूँकि केवल प्रयोग करना ही हमारा उद्देश्य नहीं होना चाहिए। बल्कि बच्चें प्रयोग के बाद अपने तर्क वितर्क द्वारा स्वयं निष्कर्ष तक पहुँचने की क्षमता आना चाहिए। जिसमें बच्चों में वैज्ञानिक कौशल के साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी विकसित होगा। इसलिए बच्चों में तर्क-वितर्क के लिए प्रयोगो के दौरान अनेक समस्यायें बच्चों के सामने रखी गई है।

यह ''वैज्ञानिक मूलतत्वों की प्रतियोगितायें '' नामक मेरी दसवीं पुस्तक है। मुझे खुशी है कि मेरी पुस्तके बच्चों को लाभप्रद साबित हुई। वैसे मेरी चौथी पुस्तक ''अपना जुगाड़ी सूक्ष्मदर्शी'' को मध्यप्रदेश की शाला में वाचनालय के लिए ''राजीव गाँधी मिशन'' ने चयनित कर चुका है। इन्ही पुस्तकों के प्रयोगों का पूरे भारत में लगभग 200 बार जा-जा कर प्रदर्शित कर चुका हूँ।

यह निश्चित है कि आप सावधानियों से निर्देशानुसार पुस्तकों के प्रयोगों को करियें। आपको अवश्य आनन्द मिलेगा। समझ विकसित होगी।

बी.पी. मैथिल
इटारसी
मो. 94069-33261, 9425043061

दोस्तो.....

यह सौभाग्य की बात है कि श्री. बी.पी. मैथिल की कम लागत के प्रयोगो वाली नौवीं पुस्तक प्रकाशित हो रही है। श्री मैथिल जिन्हें बड़े भईया के नाम से जानते हैं, सारा जीवन विज्ञान शिक्षा से जुड़े रहे। इस यात्रा में उन्हें ढ़ेरो पुरस्कार आदि मिले पर उनके मन तो विज्ञान के सहज सरल सुलभ और कम लागत के प्रयोगों को विकसित करने में था आज उनके पास तीन सौ से अधिक कम लागत के प्रयोग हैं।

बड़े भईया की यह इच्छा रही है कि उनके प्रयोग बच्चों तक पहुँचे। एकलव्य द्वारा इनके इस मंसा के लिए प्रदर्शनी जीप चलाई। बड़े भईया की इस प्रदर्शनी ने गाँवो के स्कूलो मे जाकर धूम मचाई। असल में बड़े भईया ने किताबों का संकल्प इन जगहो से उपजी माँग से शुरू हुआ। आपने समूचे भारत में लगभग 200 जगह अपने प्रयोगों का प्रदर्शन कर इटारसी का नाम रोशन किया।

बड़े भईया की आठ पुस्तके छप चुकी है। इस में तीन पूर्व माध्यमिक स्तर पर प्रयोगिक पुस्तिकाएँ, एकलव्य द्वारा प्रकाशित 'अपना जुगाड़ी सूक्ष्मदर्शी' और स्वतंत्र प्रकाशन से 'गुब्बारे-फुब्बारे' के समस्यात्मक खेल और 'डंड़ी-डंडे का विज्ञान', 'जुगाड़ी चीजों का वैज्ञानिक स्वरूप', शीशीयाँ उपयोगी का प्रयोग' और 'वैज्ञानिक मूलतत्वों की प्रतियोगिता' नामक पुस्तक आपके हाथ में है।

बड़े भईया के पिटारे से अभी नायाब प्रयोगों की किताब तैयार हो रही है। इन सब किताबों की खासियत यह रही है, कि इनमें दिये सभी प्रयोग आसपास की उपलब्ध सामग्री से हो जाते है। ये सभी प्रकार से रूचिकर और विज्ञान की किसी अवधारणा को समझने में मदद करती है।

बड़े भईया के पिटारे से अभी नायाब प्रयोगों की किताब तैयार हो रही है। इन सब किताबों की खासियत यह रही है, कि इनमें दिये सभी प्रयोग आसपास की उपलब्ध सामग्री से हो जाते है। ये सभी प्रकार से रूचिकर और विज्ञान की किसी अवधारणा को समझने में मदद करते है।

रजनी मेहता
नमिता - प्रमोद मैथिल
प्रकाशक - प्रकृति इनिशिएटिव्स्
मो. 94244-19871

क्या कहाँ है ?

	क्र.	क्या	कहाँ
1.		**मापन सम्बन्धी प्रतियोगिताएँ :-**	
	1.	एक बूंद का आयतन	4
	2.	पन्ने की मोटाई	5
	3.	भुजायें दुगने करने पर क्षेत्रफल	6
	4.	बेडोल आकृति का स्केल द्वारा क्षेत्रफल	7
	5.	बाजू के आकड़ो द्वारा क्षेत्रफल	8
	6.	ग्राफ द्वारा बेडोल आकृति का क्षेत्रफल	9
	7.	वृत्त का ग्राफ द्वारा क्षेत्रफल	10
	8.	एक छर्रे का आयतन	11
	9.	पैमाने की अल्पत्तम इकाई	12
	10.	माचिस का क्षेत्रफल और आयतन	13
	11.	घचाकार आकृति	14
2.		**शरीर के अंगो की समझ :-**	
	12.	पहिचानो और काटकर चिपकाओं	15
	13.	शरीर के अंग पहिचानो	16
	14.	पाचनतंत्र के अंग	17
	15.	अंगो की पहिचान एवं कार्य	18
3.		**तालिका एवं सामूहीकरण :-**	
	16.	फसलों की जानकारी एवं समूहीकरण	19
	17.	वस्तुओं के गुणधर्म की समझ	20
	18.	आंकड़ो की तालिका	21
	19.	रसायनों की तालिका	22
	20.	गेहूँ के किस्मो की तालिका	23
	21.	फसलों की विवरण तालिका	24
	22.	आपेक्षित घनत्व की तालिका	25
	23.	खादों की तालिका	26
4.		**रेखा आलेख की समझ :-**	
	24.	उम्र और भार सम्बन्धी आलेख	27
	25.	छाया और समय सम्बन्धी आलेख	28
	26.	तापक्रम सम्बन्धी आलेख	29
	27.	पानी का गर्म ठंडे होने का आलेख	30
	28.	भार और बढ़ी लम्बाई सम्बन्धी आलेख	31
5.		**समान्तायें-असमान्तायें :-**	
	29.	जड़ो में समानतायें और असमानतायें	32
	30.	फूलो में समानतायें और असमानतायें	33
	31.	बीजों में समानतायें और असमानतायें	34
	32.	पत्तियों में समानतायें और असमानतायें	35
	33.	ढ़क्कनों में समानतायें और असमानतायें	36

	क्र.	क्या	कहाँ
6.		**स्तम्भालेख और गति का ग्राफ :-**	
	34.	गेहूँ की बालों का स्तम्भालेख	37
	35.	आंकड़ो का स्तम्भालेख	38
	36.	कंचो की सम्भाविता का स्तम्भालेख	39
	37.	गति के ग्राफ का निर्माण	40
	38.	यात्रा सम्बन्धी ग्राफ को पढ़ना	41
	39.	दो व्यक्तियों के ग्राफ पढ़ना	42
	40.	चित की सम्भाविता का आलेख	43
7.		**टैनग्रेम सम्बन्धी पज्जलस् :-**	
	41.	सातो टुकड़ो से आयत	44
	42.	वर्ग से समानान्तर चतुर्भुज	45
	43.	समानान्तर चतुर्भुज से वर्ग	46
	44.	आयत का त्रिभुज बनाना	47
	45.	त्रिभुज से मुर्गा	48
	46.	आयत के आठ टुकड़ो से वर्ग बनाना	49
	47.	वर्ग के आठ टुकड़ो से आयत बनाना	50
8.		**पहिचान एवं लघु प्रश्न :-**	
	48.	प्रयोग की सहायक उपकरणों की पहिचान	51
	49.	ध्रुव तारा की पहिचान	52
	50.	तार्किक लघु प्रश्न	53
	51.	एक स्केल तुला सम्बन्धी	54
9.		**वर्गीकरण और निर्देशांको की समझ :-**	
	52.	निर्देशांको द्वारा आकृति	55
	53.	संख्या बताकर विजेता	56
	54.	तख्ती मे किसका नाम	57
	55.	वर्गीकरण तालिका	58
	56.	निर्देशांको और ग्राफ द्वारा क्षेत्रफल	59
	57.	अंक और अक्षर से बने निर्देशांक	60
	58.	मापो और सूत्रो द्वारा क्षेत्रफल	61
	59.	स्मरण शक्ति	62
	60.	नापने में घट-बढ़ होना	63
10.		**समूहीकरण एवं गुणधर्म सम्बन्धी :-**	
	61.	समूहीकरण और गुणधर्म	64
	62.	मानव शरीर के अंग	65
	63.	फसले और गुणधर्म	66
	64.	जन्तुओं की जानकारियाँ	67
	65.	उपकरणों की पहिचान	68
	66.	चुम्बक की पहिचानं	69
11.		**कौशल सम्बन्धी खेल :-**	
	67.	स्तम्भ से अधिक गोटियों को अलग करो	70
	68.	चोट मारकर स्ट्राइगर पानी में गिराओ	71
	69.	एक आँख से सही सीध मिलाओ	72

	क्र.	क्या	कहाँ
12.		**अन्य तार्किक क्षमतायें एवं कौशल सम्बन्धी :-**	
	70.	माप का अल्पतम माप	73
	71.	समान परिधि वाले बहुभुजों	74
	72.	सिक्का उछालने पर चित-पट की सम्भावना	75
	73.	तितली का जीवन चक्र	76
	74.	शरीर के अंग जमाओं	77
	75.	शरीर के दो तंत्र	78
	76.	विद्युत परिपथ में विद्युत का बहाव	79
	77.	आवाज किस दिशा से	80
	78.	माचिसों का पज्जल	81
	79.	तीलियाँ और बाल्ब ट्यूब से आकृति	82
	80.	चौखाने वाले कागज	83
		प्रतियोगिता के प्रायोगिक प्रश्नों के सम्भावित हल :- **(प्रश्न क्र. 1 से 80 तक)**	84-96

मीटर प्रणाली

लम्बाई की मूल इकाई मीटर है। इससे ही क्षेत्रफल (वर्ग) और आयतन (घन) की इकाईयाँ बनती है। लम्बाई, क्षेत्रफल और आयतन की इकाईयों की तालिका नीचे दे रहे है।

लम्बाई की इकाईयाँ

10 मिली मीटर	=	1 सेन्टी मीटर	कुछ विशेष इकाईयाँ		
10 सेन्टी मीटर	=	1 डेसी मीटर	छोटी इकाईयाँ		
10 डेसी मीटर	=	1 मीटर	10000 ऐंग्स्ट्रम	=	1 माईक्रान मीटर
10 मीटर	=	1 डेका मीटर	1000 माईक्रान मीटर	=	1 मिली मीटर
10 डेकामीटर	=	1 हेक्टोमीटर	बड़ी इकाईयाँ		
10 हेक्टोमीटर	=	1 किलो मीटर	10 किलो मीटर	=	1 मिरिया मीटर
			100 मिरिया मीटर	=	1 मेगा मीटर या 1 मीटर टन

लम्बाई की सबसे बड़ी इकाई प्रकाश वर्ष = 9.5^{12} किलो मीटर

क्षेत्रफल की इकाईयाँ (वर्ग अथवा एयर)

वर्ग की तालिका			एयर की तालिका				
100 वर्ग मिली मीटर	=	1 वर्ग सेन्टी मीटर	10 सेन्टी एयर	=	1 डेसी एयर	=	10 वर्ग मीटर
100 वर्ग सेन्टी मीटर	=	1 वर्ग डेसी मीटर	10 डेसी एयर	=	1 एयर	=	100 वर्ग मीटर
100 वर्ग डेसी मीटर	=	1 वर्ग मीटर	10 एयर	=	1 डेका एयर	=	1000 वर्ग मीटर
100 वर्ग मीटर	=	1 वर्ग डेकामीटर	10 डेका एयर	=	1 हेक्टो एयर	=	10000 वर्ग मीटर
100 वर्ग डेका मीटर	=	1 वर्ग हेक्टो मीटर	10 हेक्टो एयर	=	1000 एयर	=	0.1 वर्ग किलो मीटर
100 वर्ग हेक्टो मीटर	=	1 वर्ग किलो मीटर	100 हेक्टो एयर	=	10000 एयर	=	01 वर्ग किलो मीटर

आयतन की इकाई घन अथवा लीटर

1000 घन मिली मीटर	=	1 घन सेन्टी मीटर	10 मिली लीटर	=	1 सेन्टी लीटर या 10 घन से.मी.
1000 घन सेन्टी मीटर	=	1 घन डेसी मीटर	10 सेन्टी लीटर	=	1 डेसी लीटर या 100 घन से.मी.
1000 घन डेसी मीटर	=	1 घन मीटर	10 डेसी लीटर	=	1 लीटर या 1000 घन से.मी.
1000 घन मीटर	=	1 घन डेका मीटर	10 लीटर	=	1 डेका लीटर - 10^4 घन से.मी.
1000 घन डेका मीटर	=	1 घन हेक्टो मीटर	10 डेका लीटर	=	1 हेक्टोलीटर = 10^5 घन से.मी.
1000 घन हेक्टो मीटर	=	1 घन किलो मीटर	10 हेक्टो लीटर	=	1 किलो लीटर या 10^6 घन से.मी.

चूंकि एक घन से.मी. को एक लीटर का हजार वां भाग होने के कारण एक घन से.मी. को एक मिली. लीटर भी कहते है।

1 मि.मी. = 1घन से.मी.
1 लीटर = 1000 मि.मी.
1 लीटर = 1000 घन से.मी.

बड़े भईया का कबाड़ खाना

1 ब्रुश का टुकड़ा

2 धागा

3 हथौड़ी

4 कील

5 टप



6 नपनाघट



7 स्ट्रा का टुकड़े



8 क्लिप



9 विसिल



10 छर्रे

11 टाँड

12 पीपल की पत्ती



13 नीम की पत्ती



14 घनाकार गुटका



15 चाक



16 रबर बेन्ड



17 चिमटी



18 चम्मच



19 सिरेज



20 मोमबत्ती



21 माचिस



22 ग्लूकोज लगाने का नली



23 सूजा



24 बड़ी सूई

25 चूने का पानी

26 सूचक घोल

27 साबुन का घोल

28 वाल्ब ट्यूब

29 गिलास


30 ड्रापर


31 बोनफिक्स


32 पानी की प्ला. बोतल


33 ढ़क्कन


34 रीफिल

35 सिक्का

36 ढ़क्कन

37 छोटी गेंद


38 पिने


39 आरी (ब्लेड)


40 परखनली


41 आरी (ब्लेड)


42 चाकू

43 कैंची

44 सेलोटेप

45 प्लायर


46 ग्राफ


47 प्ला. की मोटी नली


48 इन्जेक्शन की शीशी


49 कटोरी


50 ब्लेड

1 बूंदो का आयतन निकालो

बड़े भईया अपने सहयोगियों और प्रतियोगिता की सामग्री लेकर मंच पर आये। उन्होनें कहा कि आज हम पानी की पांच बूंदो का आयतन निकालने की प्रतियोगिता आयोजित करेगें। जो प्रतियोगी पहले सही के निकट आयतन निकालेगा वह विजेता होगा।

क्या करना है ?

पूजा ने उपकरणों दिखाते हुये समझाया कि हमारे पास एक बूंद का आयतन निकालने का उपकरण नहीं है इसलिए अधिक बूंदो का आयतन निकालेगे। उन आकड़ो से एक बूंद का आयतन निकालेगे। एक बूंद से 5 बूंदो का आयतन निकालेगे।

नपनाघट में 10 ML के चिन्ह तक पानी की सतह आने के लिए कितनी बूंदे डाली गई। बूंदो की संख्या का 10 ML में भाग देने पर एक बूंद का आयतन मि.ली. में निकलेगा।

प्रतियोगिता में क्या करना है यह समझाते हुये - पूजा

> अथवा 100 बूंदे डालने पर कितनी सतह बढ़ती है उसमें 100 का भाग देने पर एक बूंद का आयतन आ जायेगा।

परीक्षण-पत्र

प्रतियोगी का नाम.............. लगने वाला समय..........

आपको बूंद किराने का उपकरण नपनाघट और गिलास में पानी दिया गया है। आपको बूंदे डानले का उपकरण में पानी भरकर नपनाघट में गिनकर बूंदे डालना है। जब तक नपनाघट में पानी की सतह 10ML के चिन्ह पर आ जायेगा। प्राप्त आंकड़ो के आधार पर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए –



प्र.1 नपनाघट में कितनी बूंदे डाली गई ?

प्र.2 डाली गई बूंदो का आयतन मि.ली. में क्या है?

प्र.3 एक बूंद का आयतन मि.ली. में निकालो

$$\frac{\text{नपनाघट में पानी की मात्रा}}{\text{डाली गई बूंदो की संख्या}}$$

प्र.4 पांच बूंदो का आयतन मि.ली. में बताओ?

प्र.5 पांच बूंदो का आयतन लीटर में।

नियम :-

1. विसिल बजते ही आपका समय चालू हो जायेगा।
2. हल पूर्ण होने के तुरन्त बाद अपना लगने वाला समय नोट करवाना है।
3. पहले दो-तीन बूंदे नीचे डालने के बाद नपनाघट में बूंदे डाले और गिने।

प्रतियोगिता एवं समापन :-

पूजा ने 10-10 प्रतियोगियों की बारी-बारी से परीक्षा ली बाद में सही उत्तर हस्तकौशल एवं उनका लगने वाला समय के आधार पर मूल्यांकन कर पांच प्रतियोगियों का चयन कर उन्हें विजेता घोषित किया।

2 कौन पहले एक पन्ना की मुटाई निकाले

बड़े भईया मंच पर आये और परीक्षण-पत्रों का बड़ा लिफाफा टेबिल पर रखकर बोले कि आज हम एक पन्ने की मुटाई निकालने संबंधी प्रतियोगिता आयोजित करेंगे। उसमें जो प्रतियोगी कम से कम समय में प्रश्नों को सही हल करेगा, वह विजेता होगा।

क्या करना है ?

पूजा ने पुस्तके स्केल और क्लिपो को टेबिल पर रखकर कहा कि आपको किस प्रकार मुटाई निकालना है देखो। उन्होने एक पुस्तक के 100 पन्ने गिनकर उनकी किनारो को समतल करके क्लिप लगा दिया। स्केल द्वारा 100 पन्नों की मुटाई नापी और कहा कि आप 100 पन्नों की मुटाई नापकर इससे पन्ने की मुटाई निकालने की विधि आपके पत्र में दी गई है। उसे समझकर करे।

पूजा परीक्षण पत्र दिखाकर समझाते हुये

परीक्षण-पत्र

प्रतियोगी का नाम.............. लगने वाला समय...........



प्र.1 100 पन्नों की मुटाई [ ] मि.मीटर

प्र.2 एक पन्ना की मुटाई [ ] मि.मीटर

$$\frac{\text{पन्नो की कुल मुटाई}}{\text{पन्नो का संख्या (100)}} = \text{एक पन्ना की मुटाई}$$

प्र.3 तीन पन्नो की मुटाई = [ ] मि.मीटर

एक पन्ना की मुटाई x 3 = तीन पन्नो की मुटाई

प्र.4 तीन पन्नो की मुटाई = [ ] माईक्रोन मी.

प्र.5 एक पन्ने की मुटाई = [ ] सेन्टी मी.

(1000 माईकान मी. = 1 मिली मीटर)

नियम :-

1. विसिल बजते ही आपका समय चालू हो जायेगा।
2. हल पूर्ण होने के तुरन्त बाद अपना लगने वाला समय पत्र में अंकित करवायें।
3. आपके पत्र का मूल्यांकन समय सही हल और सफाई के आधारों पर होगा।
4. पत्र मिलते ही पहले अपना नाम लिखना है और दी गई आवश्यक सामान सुरक्षित रखना है।

प्रतियोगिता एवं समापन :-

सामान की व्यवस्था और आपकी सुविधा अनुसार तीन-चार बार में पूरे बच्चो की प्रतियोगिता ले सकते है। सही कम समय और सफाई के आधार पर मूल्यांकन कर पांच बच्चो को विजयी घोषित करे।

3 क्षेत्र की भुजाये दुगनी करने पर क्षेत्रफल

बड़े भईया ने मंच पर आते ही परीक्षण पत्र का वण्डल सामने टेबिल पर रखा और कहा कि आज हम छोटे त्रिभुज और उसकी दुगनी भुजाओं वाले बड़े त्रिभुज के क्षेत्रफलों संबंधी प्रतियोगिता आयोजित करेगे। जो प्रतियोगी पहले पत्र के प्रश्नो के सही हल देगा, वह विजेता रहेगा।

क्या करना है ?

बड़े भईया ने रेखा चित्र बनाकर त्रिभुज के बाहर की मूल बिन्दु द्वारा दूनी भुजाओं वाला त्रिभुज बनाकर पूरी विधि समझाई। इसे परीक्षण पत्र भी समझाया गया है। उन्होने कहा कि इस प्रकार त्रिभुज अथवा बहुभुज वाले क्षेत्र में भीतर या बाहर कहीं भी बिन्दु लेकर दुगनी भुजा वाला चित्रानुसार क्षेत्र बना सकते है। अभ्यास करें।



बड़े भईया ने रेखा चित्र द्वारा हल निकालने की विधि समझाई

परीक्षण-पत्र

प्रतियोगी का नाम.............. लगने वाला समय..........

आपको नीचे एक त्रिभुज और उसके नीचे एक मूल बिन्दु दी गई है। आपको बिन्दु से त्रिभुज की तीनो कोनों सरल रेखा से मिलाना है बाद इन्ही सरल रेखा दुगनी कर बिन्दु से लगाना है। इन तीनों बिन्दुओं को मिलाओ। वह पहले त्रिभुज से दुगनी भुजाये वाला त्रिभुज बन जायेगा। इन्हे समझकर निम्न प्रश्नो के उत्तर दो।



प्र.1 छोटे त्रिभुज का क्षेत्रफल =

सूत्र $\frac{1}{2}$ = आधार X ऊँचाई

प्र.2 दुगनी भुजा वाले बड़े त्रिभुज का क्षेत्रफल

प्र.3 दोनों त्रिभुजो के क्षेत्रफल में कितने गुने का अन्तर

नियम :-

1. विसिल बजते ही आपका समय चालू हो जायेगा।
2. हल पूर्ण होने के तुरन्त बाद परीक्षक से अपना लगने वाला समय नोट करवाये।
3. आपको कच्चा काम मिटाना नही है। यह मूल्यांकन का मुख्य आधार है।

प्रतियोगिता एवं समापन :-

सुविधानुसार दो बार बैठकर प्रतियोगिता सम्पन्न की जाये। प्रत्येक बार प्रतियोगियों पत्र देकर उसमें पहले नाम लिखवाये। प्रतियोगिता समाप्त होने के बाद सही रचनाये और उत्तर और लगने वाला समय के आधार पर पत्रो का मूल्यांकन किया जाये। मूल्यांकन से 10 विजेताओं का चयन करें। ताकि अधिक बच्चे प्रोत्साहित हो सके।

4 बेडोल आकृति का स्केल द्वारा क्षेत्रफल निकालो

बड़े भईया , लता को साथ लेकर मंच पर आते ही परीक्षण पत्र का वण्डल टेबिल पर रखकर कहा कि आज हम बेडोल आकृति का स्केल द्वारा क्षेत्रफल निकालने की प्रतियोगिता आयोजित करेगे। जो प्रतियोगी पहले सही क्षेत्रफल निकालेगा। वह विजेता होगा।

क्या करना है ?

लता ने एक परीक्षण पत्र बतलाते हुए कहा कि इसमें बेडोल आकृति दी गई है। आपको आकृति में आयत वर्ग और त्रिभुज बनाकर बेडोल आकृति को छोटे-छोटे क्षेत्रों में लाईने खींचकर बांटना है। सभी क्षेत्रों का क्षेत्रफल निकालकर उन क्षेत्रफलों को जोड़कर पूरे बेडोल आकृति का क्षेत्रफल आयेगा। आपको कुल क्षेत्रफल निकालने का उदाहरण दिया जा रहा है।



1. वर्ग-(भुजा) = क्षेत्रफल-(4सेमी.)
   = 16वर्गसेमी.
2. त्रिभुज .1/2 आधार X ऊँचाई
3. आयत . लंबाई X चौड़ाई

कुछ खण्ड करके क्षेत्रफल निकालने की विधि बतलाई

परीक्षण-पत्र

प्रतियाशी का नाम.............   लगने वाला समय..........

आपको नीचे एक बेडोल आकृति दी है। परंतु उसकी रेखायें सरल है। आपको आकृति के भीतर आयत, वर्ग और त्रिभुज बनाकर उनके सूत्र द्वारा क्षेत्रफल निकाल कर जोड़ना है। वह पूरी आकृति का क्षेत्रफल होगा।

बेडोल आकृति

आकृति क्र.	सूचक के अनुसार आकड़े	क्षेत्रफल	आकृति क्र.	सूचक के अनुसार आकड़े	क्षेत्रफल
1	4x4 c.m.	16 वर्ग सेमी.	5		
2			6		
3			7		
4			4		

सभी क्षेत्रों के क्षेत्रफलों का योग............

नियम :-

1. आपको अपने स्केल का उपयोग करना है।
2. विसिल बजते ही आपका समय चालू हो जायेगा।
3. हल पूर्ण होने के तुरन्त बाद परीक्षक से अपना लगने वाला समय नोट करवाये।
4. पत्र में सबसे पहले अपना नाम लिखे।

प्रतियोगिता एवं समापन :-

प्रतियोगिता में आवश्यक सामग्री की आवश्यकता नहीं होने के कारण एक साथ सभी प्रतियोगियों को व्यवस्थित बैठकर परीक्षा ले सकते है। प्रतियोगिता समाप्त होने के बाद जल्द मूल्यांकन कर विजेता घोषित करे।

5) दिये गये आँकड़ो द्वारा क्षेत्रफल निकालो

बड़े भईया और अतुल मंच पर आये और परीक्षण पत्रो का बड़ा लिफाफा टेबिल पर रखा। उन्होने कहा कि आज हम दिये हुये नापो द्वारा बिना स्केल के क्षेत्रफल निकालने की प्रतियोगिता आयोजित करेंगे। जो प्रतियोगी पैमानों को समझकर सही उत्तर देगा।। वह विजेता होगा।

परीक्षण पत्र दिखाते हुए पूरा छायादार और बीच का क्षेत्रफल के आकड़ो को समझाते हुये

क्या करना है ?

अतुल ने एक पत्र सबको बतलाते हुए कहा कि इसमें एक बड़ा क्षेत्र के भीतर एक छायादार क्षेत्र दिया है। आपको अन्य आंकड़ो द्वारा छायादार क्षेत्र और अन्य क्षेत्रों के समय में परीक्षण पत्र का सही हल करेगा वह विजेता होगा।

परीक्षण-पत्र

प्रतियोगी का नाम.............   लगने वाला समय..........

आपको नीचे एक आयत के भीतर एक और आयत दिया है। साथ ही आवश्यकतानुसार नाप भी दिये है। इसे समझकर प्रश्नों के उत्तर दो।

सभी अंक मीटर में



प्र.1 छायादार क्षेत्र का क्षेत्रफल .... वर्ग मीटर में

प्र2 पूरी आकृति का क्षेत्रफल .... वर्ग मीटर में

प्र3 आकृति के सफेद भाग का क्षेत्रफल .... वर्ग मीटर में

प्र.4 सफेद भाग का क्षेत्रफल .... ऐअर में

प्र.5 छायादार भाग का क्षेत्रफल .... ऐअर में

नियम :-

1. आपको अपने कम्पास के स्केल का उपयोग नहीं करना है।
2. विसिल बजते ही आपका समय चालू हो जायेगा।
3. हल पूर्ण होने के तुरन्त बाद आपको लगने वाला समय अंकित करवाना है।
4. पत्र मिलते ही पहले आपको उसमें अपना नाम लिखना है।

प्रतियोगिता एवं समापन :-

इसमें सामग्री की जरूरत नहीं होने के कारण अपनी सुविधानुसार एक ही बार में प्रतियोगिता संपन्न की जा सकती है। प्रतियोगिता समाप्त होने के बाद सही उत्तर लगने वाला समय और स्वच्छता के आधार पर पांच विजेताओं का चयन कर उनके नाम घोषित करें।

6 बेडोल आकृति का ग्राफ द्वारा क्षेत्रफल

बड़े भईया अपने साथ दीपक को लेकर मंच पर आये और एक परीक्षण पत्र का वण्डल टेबिल पर रखकर कहा कि आज हम ग्राफ द्वारा बेडोल आकृति का क्षेत्रफल निकालने की प्रतियोगिता आयोजित करेंगे।

क्या करना है ?

दीपक ने एक पत्र बतलाते हुये कहा कि इसमें बेडोल आकृति बना ग्राफ पेपर दिया है। ग्राफ द्वारा क्षेत्रफल निकालने की विधि दी है। आपको विधि अनुसार आकृति के भीतर के खाने गिनकर अल्पतम माप की सहायता से आकृति का क्षेत्रफल निकालना है।



दीपक परीक्षण पत्र बतलाते हुए ग्राफ द्वारा बेडोल आकृति का क्षेत्रफल निकालने की विधि समझाते हुये

परीक्षण-पत्र

प्रतियोगी का नाम.............. लगने वाला समय..........

आपको ग्राफ (खानेदार कागज) में बेडोल आकृति दी है उसे समझकर उसके संबन्धित दिये गये प्रश्नों के उत्तर देना है।



प्रश्न...

1. ग्राफ का अल्पतम माप

....

2. आकृति के भीतर ग्राफ के पूरे खानो

....

3. आकृति के भीतर आधे और आधे से अधिक खानो की संख्या

....

4. आकृति के कुल खाने का क्षेत्रफल

....

बेडोल आकृति का क्षेत्रफल = अल्पतम माप X खानो की संख्या

[ ] = [ ] X [ ]

क्षेत्रफल निकालने की विधि	आकृति के भीतर किनार पर आधे या आधे से बड़े खानों और पूरे खानो के योग को आकृति क्षेत्रफल मानते है। यह सत्यता के अधिक निकट होता है।

5. बेडोल आकृति का क्षेत्रफल वर्ग मी. इकाई में लिखो.............

नियम :-

1. विसिल बजते ही आपका समय चालू हो जायेगा।
2. आप अपने कम्पास उपयोग करेंगे।
3. हल पूर्ण होने के तुरन्त बाद परीक्षक से लगने वाला समय नोट करवाये।

प्रतियोगिता एवं समापन :-

इसमें सामग्री की जरूरत नहीं है। इसलिए अपनी सुविधा अनुसार एक ही बार में सभी प्रतियोगियों की प्रतियोगिता हो सकती है। प्रतियोगिता समाप्त होने के बाद सही उत्तर लगने वाला समय और स्वच्छता के आधार पर पत्रों का मूल्यांकन कर पांच बच्चों का चयन कर विजेता घोषित करें।

7 वृत्त का ग्राफ द्वारा क्षेत्रफल निकालो

बड़े भईया , अतुल को साथ लेकर मंच पर आये। उन्होने एक परीक्षण पत्र की गिड्डी सामने टेबिल पर रखी और कहा कि आज हम वृत्त का ग्राफ द्वारा क्षेत्रफल निकालना की प्रतियोगिता आयोजित करेगे। जो प्रतियोगिता कम से कम समय में पत्र के प्रश्नों को हल करेगा। वह विजयी होगा।

क्या करना है ?

अतुल ने एक परीक्षण पत्र बतलाते हुये कहा कि इस पत्र में एक ग्राफ दिया गया है। उसके मध्य एक बिन्दु दी गई है। आपको अपने कम्पास की परकाल द्वारा स्केल से 3 से.मी. की त्रिज्या लेकर मध्य बिन्दु से एक वृत्त खींचकर और वृत्त संबंधी दिये गये प्रश्नो को हल करना है। आप को एक उदाहरण दिया गया है।

ग्राफ पेपर पर परकार से निर्देशन अनुसार वृत्त खींचकर वृत्त भीतर पूरे आधे या आधे से अधिक और आधे से कम खानों पर निशान लगाओ।



पूरे खाने और आधे या आधे से अधिक खानो को जोड़कर उन खानो में अल्पत्तम माप गुणा करके क्षेत्रफल निकालते है।

परीक्षण-पत्र

प्रतियोगी का नाम.............. लगने वाला समय..........

आपको नीचे एक खानेदार पेपर बना दिया है। इसके बीच में एक चिन्ह है। आपको परकार से चिन्ह को मध्य बिन्दु मापकर 3 से.मी. त्रिज्या लेकर वृत्त खींचना है और वृत्त संबंधी प्रश्नो के उत्तर देना है।



प्रश्न...

1. ग्राफ का अल्पतम माप [ ]

2. वृत्त के भीतर पूरे खाने की संख्या [ ]

3. वृत्त के भीतर आधे और आधे से अधिक खानों की संख्या [ ]

4. वृत्त का क्षेत्रफल ग्राफ द्वारा [ ] **वर्ग से.मी.**

5. वृत्त का क्षेत्रफल ग्राफ द्वारा [ ] **वर्ग मि.मी.**

6. वृत्त का क्षेत्रफल सूत्र द्वारा निकाले – सूत्र (πr_2) = [ ] **वर्ग से.मी.**

7. यदि हमें ग्राफ द्वारा ही क्षेत्रफल और अधिक सत्यता के निकट लाना है तो क्या करना पड़ेगा। ....

नियम :-

1. विसिल बजते ही आपका समय चालू हो जायेगा।
2. हल पूर्ण होने के तुरन्त बाद परीक्षक से लगने वाला समय नोट करवाये।
3. आप अपने स्केल और परकाल का उपयोग करना है।

प्रतियोगिता एवं समापन :-

इसमें सामग्री देने की जरूरत नहीं है। इसलिए एक बार में ही प्रतियोगिता कर सकते है। परीक्षण पत्र में पहले अपना नाम लिखे। प्रतियोगिता समाप्त होते ही तुरन्त सही उत्तर, लगने वाला समय, स्वच्छता और हस्त कौशल के आधार पर मूल्यांकन कर क्रमशः 5 विजेताओं का चयन कर उनके नाम घोषित करें।

8 नपनाघट द्वारा छर्रों का आयतन निकालना

बड़े भईया पूर्ण तैयारी के साथ मंच पर आये और कहा कि आज हम नपनाघट से वस्तु का आयतन निकालने की प्रतियोगिता आयोजित करेंगे। जो प्रतियोगी सबसे पहले नपनाघट समझकर संबंधित प्रश्नों के उत्तर देगा वह विजयी रहेगा।

क्या करना है ?

तनु ने परीक्षण पत्र दिखाते हुये कहा कि इस पत्र में तीन विभिन्न प्रकार के नपनाघट दिये है। आपको उन्हे समझकर उनसे संबंधित प्रश्नों के उत्तर देना है।



तनु नपनाघट से छर्रे का आयतन कैसे निकालेगा समझाते हुये

परीक्षण-पत्र

प्रतियोगी का नाम.............. लगने वाला समय..........

आपको क,ख,ग, तीन नपनाघटो के चित्र दिये गये है। तीनों नपनाघटों में पानी भरा है। नपनाघट 'ख' मे नपनाघट 'ग' के बराबर पानी भरा था। परंतु (ख) में 100 छर्रे डाल देने से उसमें पानी का तल बढ़ गया है। आपको इन नपनाघटों को समझकर उनके नीचे दिये हुये प्रश्नो के उत्तर देना है।



प्र.1 तीनो नपनाघटों के अल्पत्तम माप बनाओ।

(क)............... (ख)............... (ग)...............

प्र.2 नपनाघटों में कितना-कितना पानी भरा था।

(क)............... (ख)............... (ग)...............

प्र.3 नपनाघट 'ख' में 100 छर्रे डालते पर कितना पानी का तल बढ़ा।

....

प्र.4 दो छर्रों का आयतन ज्ञात करो। ....

नियम :-

1. विसिल बजते ही आपका समय चालू हो जायेगा।
2. हल पूर्ण होने के तुरन्त बाद लगने वाला समय अंकित करवाये।
3. प्रश्न 4 का विधि सहित उत्तर देना है।

प्रतियोगिता एवं समापन :-

तनु ने अधिक परीक्षको की नियुक्ति कर एक ही बार में सब प्रतियोगियों की परीक्षा ली। परीक्षको ने प्रतियोगियों का लगने वाला समय पत्र में अंकित किया। बाद में सही हल के आधार मूल्यांकन कर पांच विजेताओं का चयन कर उनके नाम घोषित किये।

9 पैमानो की अल्पत्तम इकाई

बड़े भईया ने लता के साथ मंच पर आते ही परीक्षण पत्रो की गिड्डी टेबिल पर रखी और कहा कि आज हम स्केलो की अल्पतम इकाई संबंधी प्रतियोगिता आयोजित करेगे।

लता ने स्केल दिखाकर उनके अल्पतम माप द्वारा दूरी नापने की विधि समझाते हुये

क्या करना है ?

लता ने गिड्डी का एक पत्र दिखाते हुये कहा, कि इस पत्र में विभिन्न अल्पतम माप वाले पैमाने के चित्र दिये है। आपको उन्हें समझकर उनके नीचे दिये गये प्रश्नो को हल करना है।

जो प्रतियोगी कम से कम समय में प्रश्नों के सही हल करेगा वह विजेता होगा।

परीक्षण-पत्र

प्रतियोगी का नाम.............. लगने वाला समय...........

आपको तीन स्केलो के चित्र दिये गये हैं उन्हें समझकर प्रश्नो के उत्तर दो।



प्र.1 स्केलो के अल्पत्तम माप बताओ।

(अ)............... (ब) .... (स) ....

प्र.2 स्केल अ और स के नीचे बने रेखाखण्ड की लंबाई बताओ।

(1) लंबाई अ स्केल की रेखा की .... मिली मी. में

(2) लंबाई स स्केल की रेखा की .... डेका मी. में

प्र.3 स्केल 'ब' से नीचे लिखी दूरियों में से सही नापी जाने वाली दूरियों पर गोला निशान लगाओं। आकड़े से.मी. में –

3.1 3.2 3.3 3.4 3.5 से.मी.

प्र.4 अपने उत्तर का कारण बताओ–..............................

...

प्र.5 स्केल 'अ' के बने रेखाखंड की लंबाई मीटर में निकालो।

...

नियम :-

1. विसिल बजते ही आपका समय चालू हो जायेगा।
2. आपको अपने कम्पास के स्केल का उपयोग नही करना है।
3. हल पूर्ण होने के तुरन्त बाद परीक्षक से अपना लगने वाला समय नोट करवाना है।
4. आपको पत्र का समय सही हल और सफाई के आधार पर मूल्यांकन होना है।
5. पत्र मिलते ही पहले अपना नाम लिखना है।

प्रतियोगिता एवं समापन :-

अपनी सुविधा अनुसार तीन बार में प्रतियोगिता समपन्न करें। सभी पत्र मिल जाने के तुरंत बाद उनका मूल्यांकन कर कम से कम पांच विजेताओं का चयन करें। जिससे बच्चों को प्रोत्साहन मिले। पहले सही उत्तर दूसरा लगने वाला समय और तीसरा सफाई के आधार पर सामूहिक मूल्यांकन करना है। बाद में विजयी घोषित करें।

10) माचिस की समहों का क्षेत्रफल एवं आयतन

बड़े भईया अपने सहयोगियों और प्रतियोगिता का सामान लेकर मंच पर आये। उन्होंने कहा कि आज हम क्षेत्रफल और आयतन की इकाईयों संबंधी प्रतियोगिता आयोजित करेगे। जो प्रतियोगी माचिस के क्षेत्रफल और आयतन संबंधी प्रश्नो सबसे पहले हल करेगा, वह विजेता होगा।

क्या करना है ?

लता ने परीक्षण पत्र दिखाते हुये कहा कि आपको एक माचिस दी जायेगी। उसी माचिस का चित्र इस पत्र में दिया है और उसी से संबंधित प्रश्न दिये है। आपको इसकी लंबाई चौड़ाई और मुटाई का सही मापकर संबंधित प्रश्नों को हल करना है।

परीक्षण-पत्र

प्रतियोगी का नाम............ लगने वाला समय..........

आपको एक खाली माचिस का चित्र दिया गया है। उसे समझकर और स्केल की सहायता से माप कर संबंधित निम्न प्रश्नो के उत्तर दो -



प्र.1 माचिस की लंबाई.चौड़ाई. और मोटाई का माप से.मी. में लिखो।

लंबाई..........से.मी. चौड़ाई...........से.मी. मुटाई...........से.मी.

प्र.2 माचिस की सबसे बड़ी सतह का क्षेत्रफल .... वर्ग से.मी. में

प्र.3 माचिस की सबसे छोटी सतह का क्षेत्रफल ....ऐयर में

प्र.4 माचिस की मझोल सतह का परिमाप ....मि.मीटर में

प्र.5 माचिस का आयतन ....घन मि.मीटर में

प्र.6 माचिस का आयतन ....घन मीटर में

प्र.7 सभी सतहो का क्षेत्रफल का योग ....वर्ग से.मी. में

नियम :-

1. विसिल बजते ही आपका समय चालू हो जायेगा।
2. प्रश्न पूर्ण होने के तुरन्त बाद अपना लगने वाला समय अंकित करवा लें।
3. माचिस और स्केल सुरक्षित वापिस करना है।

प्रतियोगिता एवं समापन :-

लता ने 10-10 प्रतियोगियों की परीक्षा लेकर प्रतियोगिता संपन्न करवाई। परीक्षकों ने परीक्षा के दौरान प्रतियोगियों का हल कौशल का मूल्यांकन किया एवं उनका लगने वाला समय पत्र में अंकित किया। बाद में पत्रों को जांच कर पांच विजेताओं का चयन किया।

बड़े भईया ने विजेताओं के नामो की घोषणा की और उन्हें इनामें दी। शेष प्रतियोगियों को प्रोत्साहित कर प्रतियोगिता समाप्त की।

11) घनाकार आकृतियों की समझ

बड़े भईया अपने सहयोगियों और परीक्षण पत्रो को लेकर मंच पर आये। उन्होंने कहा कि आज हम घनाकार आकृति की समझ संबंधी प्रतियोगिता आयोजित करेगे। जो प्रतियोगी पहले घनाकार आकृति संबंधी के प्रश्न हल करेगा वह विजेता होगा।



परीक्षण पत्र दिखाते हुये घनफल और लीटर के संबंध में समझाया

क्या करना है ?

अतुल ने परीक्षण पत्र दिखते हुये कहा कि इस पत्र में एक समान छोटे-छोटे घनाकार गुटको को जमाकर एक बड़ी आकृति का चित्र दिया है। आपको इस घनाकार आकृति को समझकर उससे संबंधित प्रश्न हल करना है।

परीक्षण-पत्र

प्रतियागी का नाम............. लगने वाला समय..........

आपको नीचे घनाकार गुटको से बनी एक घनाकार आकृति और एक घनाकार गुटका का चित्र दिया गया है -



उपरोक्त आकृति को समान घनाकार गुटकों को एक दूसरे के ऊपर रखकर बनाया गया है गुटकों की प्रत्येक कोर एक से.मी. की है। आकृति को देखकर निम्न प्रश्नों के उत्तर दो -

प्र.1 बड़ी घनाकार आकृति में कितने गुटके का उपयोग किया गया है ?

....

प्र.2 प्रत्येक गुटके का आयतन कितना है ?

....

प्र.3 बड़ी पूर्ण आकृति का आयतन कितना है ?

....

प्र.4 बड़ी आकृति के कुल आयतन को घन मिलीमीटर में लिखो।

....

प्र.5 छोटी आकृति के आयतन को घन मिलीमीटर में लिखो।

....

प्र.6 यदि नपनाघट में कुछ पानी भर कर सभी गुटको को एक साथ नपनाघट में डाले तो कितने लीटर पानी की सतह बढ़ेगी ?

....

नियम :-

1. विसिल बजते ही आपका समय चालू हो जायेगा।
2. प्रश्न पूर्ण होने के तुरन्त बाद अपना लगने वाला समय अंकित करवाना है।
3. जितनी जगह दी गई है उसमें ही उत्तर लिखना है।

प्रतियोगिता एवं समापन :-

अतुल ने सभी प्रतियोगियों को एक साथ बैठाकर परीक्षा ली। परीक्षको में प्रत्येक प्रतियोगी का लगने वाला पत्र में अंकित किया। बाद पत्रों का मूल्यांकन कर पांच विजेताओं का चयन किया।

बड़े भईया ने विजेताओं के नामों की घोषणा कर उनको पारितोषिक विवरण किया। शेष प्रतियोगियों को उत्साहित किया। अन्त में सभी को धन्यवाद देकर प्रतियोगिता समाप्त की।

12 पहचानों और काटकर चिपकाओ

बड़े भईया अपने सहयोगियों और प्रतियोगिता का सामान लेकर मंच पर आये। उन्होने कहा कि आज हम मानव शरीर के अंगो को पहिचानना संबंधी प्रतियोगिता आयोजित करेगे। जो प्रतियोगी कम समय में अंगो को काटकर मानव शरीर में उचित स्थान पर चिपकायेगा। वह विजेता होगा।

क्या करना है ?

अतुल ने परीक्षण पत्र दिखाते हुये कहा कि इस पत्र में मानव शरीर और उसके बाजू में कुछ अंग दिये है। आपको अंगो को काटकर मानव शरीर के उचित स्थान पर अंको को मिलाकर चिपकाना है एवं नीचे दिये गये प्रश्नो के उत्तर देना है।

अतुल ने परीक्षण पत्र दिखाते हुये मानव शरीर के प्रमुख अंगो की पहचान संबंधी प्रतियोगिता समझा देते हुये।

परीक्षण-पत्र

प्रतियोगी का नाम.............   लगने वाला समय..........

आपको नीचे मानव शरीर के भीतर 5 अंग और बाहर 5 अंग दिये है। इन सब अंगो में क्रमांक दिये गये है। क्रमांक के अनुसार अंगो के नाम लिखना है और बाहर के अंगो को काटकर शरीर के भीतर उनके स्थानों पर चिपकाना है।

नाम लिखना है –

(1)....................(2)....................(3)....................

(4)....................(5)....................(6)....................

(7)..............(8)..............(9)..............(10)..............



नियम :-

1. प्रश्न पूर्ण होने के तुरन्त बाद आप अपना समय नोट करवाये।
2. सफाई से काटना और चिपकाना एवं स्पष्ट लेखन होना चाहिए।
3. विसिल बजते ही आपका समय चालू हो जायेगा।

प्रतियोगिता एवं समापन :-

अतुल ने अपनी सुविधा अनुसार प्रतियोगियों को दो भागों में विभक्त कर दो बार में परीक्षा ली। प्रश्न पूर्ण होने वाले प्रतियोगियों का लगने वाला समय नोट किया। बाद में हस्त कौशल और सही हल के आधार पर पांच विजेताओं का चयन किया गया।

13 शरीर के अंगो को पहचानो

बड़े भईया अपने सहयोगियों सहित प्रतियोगिता की सामग्री लेकर मंच पर आये और कहा कि आज हम हमारे शरीर के अंग पहिचानने की प्रतियोगिता आयोजित करेंगे। जो प्रतियोगी पहले सभी तीर लगे अंगो के नाम एवं तंत्र बतलायेगा। वह विजेता रहेगा।

क्या करना है ?

लता ने परीक्षण पत्र दिखाते हुये कहा कि इस पत्र में एक मानव शरीर का अंगो सहित ढ़ाचा दिया गया है जिससे कुछ अंगो को तीर द्वारा संकेतिक किया गया है। आपको उन अंगो और संबंधित तंत्रो के नाम को तीर के सामने लिखना है।

लता पत्र को दिखाते हुये कहा कि इस पत्र में मानव शरीर के अंग दिये है अंगो के सामने अंग और संबंधित तंत्र के खाने दिये गये है जिन्हे समझकर भरना है।

परीक्षण-पत्र

प्रतियोगी का नाम.............   लगने वाला समय..........

आपको नीचे मानव शरीर और उसके अंगो का चित्र दिये है अंगो को तीर द्वारा जोड़ा गया है। आपको तीर के सामने अंग और उसका तंत्र का नाम लिखना है।



अंग का नाम	तंत्र का नाम	
		1.
		2.
		3.
		4.
		5.
		6.
		7.
		8.
		9.
		10.

नियम :-

1. विसिल बजते ही आपका समय चालू हो जायेगा।
2. पूरे नाम लिखने के तुरन्त बाद पत्र में समय अंकित करवाये।
3. सफाई और स्पष्ट लेखन पर ध्यान देना जरूरी है।

प्रतियोगिता एवं समापन :-

लता ने पूरी तैयार करके एक ही बार में परीक्षा ली। विसिल बजते ही सभी नाम लिखने में लग गये। जिन प्रतियोगियों के प्रश्न पूर्ण होते ही उनका लगने वाला समय लिखा। बाद में पत्रो का मूल्यांकन कर पांच विजेताओं का चयन किया।

बड़े भईया ने विजेताओं के नामों की घोषणा की।

14) हमारे पाचन तंत्र के अंगो की समझ

बड़े भईया ने अपने सहयोगियों और प्रतियोगिता की आवश्यक सामग्री लेकर मंच पर आये उन्होने कहा कि आज हम हमारे पाचन तंत्र की समझ संबंधी प्रतियोगिता आयोजित करेगे। जो प्रतियोगी सबसे पहले पूछे गये पाचन तंत्र के अंगो के नाम लिखेगा। वह विजेता ओगा।

क्या करना है ?

दीपक ने परीक्षण पत्र दिखाते हुये समझाया कि इस पत्र में मानव शरीर का ढ़ाचा दिया गया है। इस ढ़ाचे में आपको पाचन तंत्र बनाना है। पाचन तंत्र में निम्नलिखित अंगो को नामांकित करना है और बाहर आयतो में तीर से दिखाये अंगो के नाम एवं चित्र बनाना है।

दीपक ने पत्र बतलाते हुये हमारी पाचन तंत्र के संबंध में जानकारी दी, क्या करना है इस संबंध में समझाया

परीक्षण-पत्र

प्रतियोगी का नाम............. लगने वाला समय..........

आपको नीचे मानव शरीर के पाचन तंत्र के कुछ अंग बने है आपको उनके नाम बने तीर के सामने लिखना है। शरीर में तंत्र के शेष अंगो को बनाकर तंत्र पूर्ण करो।

शेष अंगो के नाम – 1. मलाश्य 2. बड़ी आंत 3. छोटी आंत 4. यकृत



नियम :-

1. विसिल बजते ही आपका समय चालू हो जायेगा।
2. हल पूर्ण होने के तुरन्त बाद अपना लगने वाला समय नोट करवाये।
3. पाचन तंत्र में अंगो के स्थान और उनकी सुडोलता पर अंक निर्धारित है।

प्रतियोगिता एवं समापन :-

दीपक ने वैठक व्यवस्था और परीक्षको की संख्या के आधार पर दो बार में परीक्षा सम्पन्न की। प्रतियोगियों की कार्य कुशलता देखी और उनका लगने वाला समय नोट किया गया। बाद में सभी के पत्रो का मूल्यांकन कर पांच विजेताओं का चयन किया गया। विजेताओं की घोषणा की।

(15) अंगो के कार्यों की समझ

बड़े भईया प्रतियोगिता की पूरी आवश्यक सामग्री और सहयोगियों सहित मंच पर आये। उन्होने कहा कि आज हम हमारे शरीर के अंगो के कार्यों की समझ संबंधी प्रतियोगिता आयोजित करेगे। जो प्रतियोगी अंगो क विवरण तालिका पहले पूर्ण करेगा वह विजेता होगा।

क्या करना है ?

लता ने परीक्षण पत्र बतलाते हुये समझाया कि इस पत्र में हमारे शरीर के कुछ अंगो के चित्र और उनके क्रमांक दिये है। आपको उन्हें पहिचान कर नाम, उनके तंत्र का नाम और उनका एक-एक महत्वपूर्ण कार्य नीचे दी गई तालिका के उसी क्रमांक में लिखना है।

लता ने पत्र बताते हुये कहा कि मानव शरीर के 4 अंग दिये है उनके नाम और एक-एक कार्य लिखना है।

परीक्षण-पत्र

प्रतियोगिता नाम.............   लगने वाला समय..........

आपको नीचे मानव शरीर के एक अंग एक तंत्र और अंतः स्त्रावी ग्रन्थियों के चित्र दिये गये है। उन्हे समझकर उनके नीचे बने आयत में नाम लिखो और नीचे बनी तालिका में एक-एक महत्वपूर्ण कार्य लिखो।

तंत्र 1   ग्रंथी 2   ग्रंथी 3   अंग 4



क्रमांक	अंग ग्रंथी अथवा तंत्र का नाम	एक कार्य
1.		
2.		
3.		
4.		

नियम :-

1. विसिल बजते ही आपका समय चालू हो जायेगा।
2. हल पूर्ण होने के तुरन्त बाद अपना लगने वाला समय लिखवाना है।
3. गंदगी और काटा पीटा नहीं होना चाहिए।

प्रतियोगिता एवं समापन :-

लता प्रतियोगियों के दो भाग कर बारी-बारी से बैठाकर परीक्षा ली। प्रतियोगियों का लगने वाला समय लिखा और पत्रो का मूल्यांकन कर पांच विजेताओं का चयन किया।

16) फसलो की जानकारी एवं सामूहीकरण

बड़े भईया अपने सहयोगियों और परीक्षण पत्र को लेकर मंच पर आये और कहा कि हम आज फसलो के समूहीकरण से संबंधित प्रतियोगिता आयोजित करेगे। जो प्रतियोगी समूहीकरण की तालिकाओं को कम से कम समय में सही भरेगा। वह विजेता होगा।

क्या करना है ?

दीपक ने एक परीक्षण पत्र बतलाते हुये कहा कि इस पत्र में फसलो की सूची दी है। उसके नीचे फसलो के गुणधर्मो की तालिका दी है। आपको सूची की फसलो को सोच समझ सबसे नीचे की तालिका में उनकी जड़ो के प्रकार एवं पत्तियों के अनुसार दो-दो फसलो के नाम लिखो।

दीपक ने परीक्षण पत्र बताते हुये कहा कि आपको फसले दी गई उनके गुणधर्म के आधार पर तालिकाओं में भरना है।

परीक्षण-पत्र

प्रतियोगी का नाम.............. लगने वाला समय...........

आपको कुछ फसलो के नाम दिये गये है। इन फसलो को उनके नीचे लिखे गुणधर्मो के आधार पर समूह बनाओं।

नोट - 1. सभी फसलो के नामों का आना जरूरी है।
2. प्रत्येक समूह में तीन-तीन फसले आना है।
3. एक फसल का नाम दो समूहों में नहीं आना चाहिए।

फसलो के नाम -

चना	धनिया	गेहूँ	गन्ना	टमाटर	कासनी
पटसन	सरसों	मैथी	गाजर	ज्वार	चावल
तुअर	मूली	मूंगफली	कपास	बैंगन	मिर्च
मटर	शलजम	मक्का	बाजरा	सोयाबीन	आलू

गुणधर्मो की तालिका पूर्ण करो -

गुणधर्म	तीन फसलो के नाम
दलहन फसले	
तिलहन -,-	
अनाज -,-	
नगदी -,-	
सब्जियों की -,-	
हरे चारे की -,-	
मसालों की -,-	
द्विवर्षीय -,-	

दो-दो फसलो के नाम लिखियें (फसलों की पुर्नावत्ति नही होना है)

	पत्तियों में समान्तर विन्यास	पत्तियों में जालिका विन्यास	झकड़ा जड़ वाली	मूसला जड़ वाली
फसलो के नाम	1. ______	1. ______	1. ______	1. ______
	2. ______	2. ______	2. ______	2. ______

नियम :-

1. अपको हल करने में लगने वाला समय नोट करवाना है।
2. एक फसल के नाम दो या दो से अधिक गुणधर्म में नहीं आना चाहिए।
3. विसिल बजते ही आपका समय चालू हो जायेगा।

प्रतियोगिता एवं समापन :-

परीक्षकों के हिसाब से समस्त प्रतियोगियों को दो बार बैठाकर परीक्षा ली गई। प्रतियोगियों को लगने वाला समय नोट किया बाद में मूल्यांकन कर 5 विजेताओं का चयन किया गया है।

बड़े भईया ने उनके नाम घोषित किये।

17) वस्तुओं के गुणधर्मों की समझ

बड़े भईया अपने सहयोगियों और परीक्षण पत्रो को लेकर मंच पर आये और कहा कि हम वस्तु के गुणधर्मों पर आधारित समूहीकरण से संबंधी प्रतियोगिता आयोजित करेगे। जो कम से कम समय में पत्र के सभी कोष्टक सही भरेगा। वह विजेता होगा।

क्या करना है ?

पूजा ने एक परीक्षण पत्र बतलाते हुये कहा कि इस पत्र में कुछ वस्तुओं के गुणधर्मों को समझकर दो बच्चों के अलग अलग समूहो को बनाया। आप को उन्हीं समूह पर विचार कर संबंधी प्रश्नो को हल करना है।

पूजा पत्र दिखते हुये कहा कि कुछ चीजों के लता और दीपक ने गुणो के आधार पर दो-दो समूह बनाये उन्हे समझकर खाने भरो

परीक्षण-पत्र

प्रतियोगी का नाम............. लगने वाला समय...........

शिक्षक ने लता और दीपक को निम्नलिखित चीजे देकर उनको समान गुणधर्म के आधार पर दो-दो समूहों को बनाने की कहा।

चीजो के नाम – मिट्टी का तेल, टमाटर, पानी, भौंरा, दूध, गेंद

लता और दीपक ने निम्नलिखित समूहो को बनाया –

लता द्वारा बनाये गये समूह

क	ख
मिट्टी का तेल	टमाटर
पानी	गेंद
दूध	भौंरा

दीपक द्वारा बनाये गये समूह

ग	घ
टमाटर	गेंद
पानी	भौंरा
दूध	मिट्टी का तेल

उपरोक्त समूहो की तालिका को समझकर प्रश्नो के उत्तर दो –

1. लता द्वारा चुने गये गुणधर्म –

(क) समूह का गुणधर्म ....

(ख) समूह का गुणधर्म ....

2. दीपक द्वारा चुने गये गुणधर्म –

(क) समूह का गुणधर्म ....

(ख) समूह का गुणधर्म ....

3. आप प्रत्येक समूह में एक एक सदस्य (चीज) बढ़ाओ –

(क) समूह में (ख) समूह में

(ग) समूह में (घ) समूह में

4. यदि सभी चीजो का एक ही समूह बनाना हो तो कौन गुणधर्म चुनोगे।

नियम :-

1. विसिल बजते ही आपका समय चालू हो जायेगा।
2. साफ एवं स्पष्ट लिखावट होना है। काटा पीटा में अंक कटेंगे।
3. अपको हल करने में लगने वाला समय नोट करवाना है।

प्रतियोगिता एवं समापन :-

पूजा ने परीक्षको के हिसाब से प्रतियोगियों को तीन भागो में विभक्त कर बारी बारी से प्रतियोगियों का लगने वाला लिखा गया और अन्त में पत्रो का मूल्यांकन कर पांच विजेताओं का चयन किया गया।

(18) आंकड़ो की तालिका की समझ

बड़े भईया अपने सहयोगियों और परीक्षण पत्रो को लेकर मंच पर आये। उन्होने कहा कि आज हम प्रयोग के आंकड़ो की समझ संबंधी प्रतियोगिता आयोजित करेंगे। जो प्रतियोगी पहले तालिका समझकर संबंधित प्रश्नो को सही हल करेगा। वह विजेता होगा।

क्या करना है ?

पूजा ने एक परीक्षण पत्र दिखलाते हुये कहा कि इस पत्र में चित की सम्भाविता निकालने के लिए घनाकार गुटके द्वारा प्रयोग किया जिस से प्राप्त आकड़ो की तालिका दी गई। आपको तालिका को समझकर उसके नीचे दिये हुये प्रश्नो के उत्तर देना है।

पूजा ने कहा कि कितने चित वाली सतह अधिक बार आई वह सम्भावित चित माना जाता है कुल चितो में कुलचालो के भाग में औसत चित प्रति चाल निकलता है।

परीक्षण-पत्र

प्रतियोगी का नाम............ लगने वाला समय..........

पूजा ने घनाकार गुटको के तीन सतहो पर चित के निशान लगा उससे चित-पट की संभाविता निकालने के लिए कुछ गुटको को एक साथ उछाले और प्रतिचाल में आने वाले चितो की संख्या संबंधी तालिका बनाई।

सिक्को की अपेक्षा उछालने में घनाकार गुटका अच्छा लुढकता है। सिक्के में चित-पट की आधी संभाविता होती है। यदि हम घनाकार गुटका (जिसकी प्रत्येक कोर एक से.मी. है) में 6 तल होते है उनमें 3 तलो पर चित के निशान लगाये तो गुटके में भी चित-पट की आधी आधी संभाविता हो जायेगी। यह सिक्के की जगह उपयोगी है।

तालिका :-

चित संख्या	0	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
चाल संख्या	0	1	2	4	7	6	5	3	2	0	0

तालिका समझकर उत्तर दो :-

प्र.1 तालिका के आधार पर चित का बहुसम्मत मान जो अधिक बार आया बताओ।

प्र.2 पूजा ने कितनी बार गुटके उछालकर प्रयोग किया ?

प्र.3 पूजा ने कितने बार गुटको का उपयोग प्रयोग में किया था ?

प्र.4 तालिका के आधार पर औसत चित प्रतिचाल निकालो।

$$\text{सूत्र - औसत चित प्रति चाल} = \frac{\text{कुल चितो की संख्या}}{\text{कुल चालो की संख्या}}$$

सूत्र - चितो की संख्या = आये चित के संख्या X चाल संख्या

$\frac{6}{5}$ खानो में 5 बार उछालने में प्रत्येक बार 6 चित आये अर्थात् चितो की संख्या 30 हुई।

नियम :-

1. विसिल बजते ही आपका समय चालू हो जायेगा।
2. पूर्ण हल होने के तुरंत बाद अपना लगने वाला समय नोट करवाना है।
3. प्रत्येक प्रश्न कारण सहित लिखे स्पष्ट लेखन होना चाहिए।

प्रतियोगिता एवं समापन :-

अतुल ने बैठक व्यवस्था और परीक्षको की नियुक्ति कर चार बार में परीक्षा संपन्न की। प्रतियोगियों का लगने वाला समय नोट किया गया। बाद में सभी पत्रो को सामूहिक मूल्यांकन कर पांच विजेताओं का चयन किया गया।

औसत चित प्रति चाल 5 या 5 के आसपास आना चाहिए।

19 रसायनों के गुणधर्मों की तालिका की समझ

बड़े भईया अपने सहयोगियों और परीक्षण पत्र लेकर मंच पर आये और कहा कि आज हम रसायनों के गुणधर्मों की तालिका को समझने संबंधी प्रतियोगिता आयोजित करेगे। जो प्रतियोगी पहले सही करेगा, वह विजेता होगा।

क्या करना है ?

बड़े भईया का इशारा पाते ही लता ने एक परीक्षण पत्र बतलाते हुये कहा कि इस पत्र में चार रसायनों के गुणधर्मो की तालिका दी और उसके नीचे रसायनों के पृथवकरण संबंधी प्रश्न दिये है। आपको तालिका समझकर प्रश्नो को विधि सहित हल करना है।

परीक्षण-पत्र

प्रतियोगी का नाम.............   लगने वाला समय..........

नीचे बनी तालिका में चार पदार्थो के संबंध में जानकारी दी गई है। तालिका के आधार पर उसके नीचे दिये मिश्रणो के पृथक्करण संबंधी प्रश्नो के हल करो।

रसायनो के गुणधर्मो की तालिका :-

क्र.	रसायन	ठंडे पानी में घुलनशील	उर्ध्वपातन होता है	गरम पानी में घुलनशील	रंग
1	नौसादर	हाँ	हाँ	हाँ	सफेद
2	पोटेशियम क्लोराइड	हाँ	नहीं	हाँ	सफेद
3	कैल्सियम कार्बोनेट	नहीं	नहीं	नहीं	सफेद
4	वैन्जोइक अम्ल	नहीं	नहीं	हाँ	सफेद

प्र.1 पोटेशियम क्लोराइड और कैल्सियम कार्बोनेट के मिश्रण को अलग कीजिये।

प्र.2 पोटेशियम क्लोराइड और नौसादर के मिश्रण को अलग अलग करो।

प्र.3 कैल्सियम कार्बोनेट और वेन्जोइक अम्ल के मिश्रण को अलग करिये।

प्र.4 पोटेशियम क्लोराइड, कैल्सियम कार्बोनेट और वेन्जोइक अम्ल के मिश्रण को अलग अलग करो।

प्र.5 चारो रसायनो के मिश्रण से सबको अलग अलग करिये (पूर्ण विधि लिखिए)

लता ने परीक्षण पत्र की तालिका दिखाते हुये कहा कि आपको तालिका को समझकर प्रश्नो का हल करना है।

नियम :-

1. विसिल बजते ही आपका समय चालू हो जायेगा।
2. पूर्ण हल होने के तुरंत बाद अपना लगने वाला समय नोट करवाना है।
3. आपको पूर्ण विधि द्वारा सफाई से प्रश्नो को हल करना है।

प्रतियोगिता एवं समापन :-

लता ने 15-15 प्रतियोगियों को एक बार में परीक्षा लेना एवं परीक्षको की नियुक्ति की तैयारी कर चुकी थी। योजनानुसार परीक्षा ली। सभी प्रतियोगियों का लगने वाला समय नोट किया गया एवं प्रश्न पत्रो का सामूहिक मूल्यांकन कर 5 विजेताओं का चयन किया।

20) गेहूँ के किस्मों की पैदाबार संबंधी तालिका

बड़े भईया अपने सहयोगियों और परीक्षण पत्र का बण्डल लेकर मंच पर आये और कहा कि आज हम गेहूँ की किस्मों के विवरण तालिका की समझ संबंधी प्रतियोगिता आयोजित करेगे। जो पहले तालिका संबंधित प्रश्नो को सही हल करेगा। वह विजेता होगा।

क्या करना है ?

अतुल ने एक परीक्षण पत्र बतलाते हुये कहा कि इस पत्र में गेहूँ की पांच किस्मो के बोने का समय आवश्यक सिंचाई रोग पैदावार अदि विवरण संबंधी तालिका दी है। तालिका के नीचे कुछ प्रश्न दिये है। आपको तालिका को समझकर प्रश्न के हल ढूंढ़कर लिखना है।

परीक्षण-पत्र

प्रतियोगी का नाम.............. लगने वाला समय..........

नीचे तालिका में गेहूँ की किस्मो का समय खर्च रोग आदि की जानकारी की तालिका -

क्र.	गेहूँ का नाम	बोने का समय	बोने से पकाने तक का समय	आवश्यक सिंचाई	पैदावार गुनी	गेरूआँ रोग	पौधे की ऊँचाई से.मी.
1	देशी पिसी	10 अक्टो. से 15 नव. तक	120-125 दिन	0-2	6-8 गुना	लगता है	120-125
2	नर्मदा-4	10 नव. से 30 दिस. तक	110-115 दिन	2-5	11-12 गुना	बहुत कम	120-125
3	सोना कल्याण	5 नव. से 15 दिस. तक	110-115 दिन	5-7	18-25 गुना	बहुत कम	110-115
4	1553	10 दिस. से 31 दिस. तक	95-105 दिन	4-7	14-18 गुना	कम	110-120
5	लोक-1	10 दिस. से 31 दिस. तक	95-105 दिन	4-7	16-20 गुना	लगता है	110-120

तालिका के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दो -

प्र.1 किसानो ने देशी पिसी बोना क्यों बंद कर दिया है ?

____

____

प्र.2 एक किसान बोनी करने में पिछड़ गया है। अच्छी फसल लेने के लिए कौनसा गेहूँ बोना चाहिए ? और क्यों ?

